कार्यालय उद्यान शास्त्री फल अनुसंधान केन्द्र ईंटखेड़ी बेरसिया रोड, भोपाल

मो नं. 8878600042

क्रमांक फ.अ.के. / 2023–24 / 358

दिनांक : 14/08/2023

निविदा सूचना

सभी इच्छुक खरीददारों को सूचित किया जाता है कि फल अनुसंधान केन्द्र ईंटखेड़ी, बेरसिया रोड भोपाल में अमरूद मुख्य बगीचा के साथ 5 बेर के पेड़ एवं पहरूआ के साथ 18 नीबू , 12 बेर एवं 15 आंवला के पेड़ फसल वर्ष 2023–24 के विक्रय हेतु टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक खरीददार अपने–अपने भाव पत्र बन्द लिफाफे में उद्यान शास्त्री फल अनुसंधान केन्द्र ईंटखेड़ी में नीलामी तिथि को समय पर उपस्थित रहकर, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय सीहोर द्वारा गठित समिति के समक्ष अमरूद फसल को नीलामी द्वारा विक्रय किया जावेगा। अपने–अपने भावपत्र निर्धारित प्रपत्र में भरकर अपराहंत 2.00 बजे तक जमा करें। इसके बाद प्राप्त टेण्डरों पर विचार नहीं किया जावेगा। टेण्डर दिनांक 21.08.2023 को 3.00 बजे के बाद अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय द्वारा गठित नीलामी समिति के सामने खोले जावेगें। जिसकी शर्ते निम्न होगीः–

1, प्रत्येक टेण्डर प्रेषक को मुख्य अमरूद बगीचे के लिये 25,000 / – एवं पाहरूआ अमरूद बगीचे के लिये 25000 / – की राशि जमानत राशि के रूप में नगद जमा करना होगा। यह राशि टेण्डर नही मिलने पर टेण्डर के बाद पावती रसीद जमा करने के बाद वापस भुगतान कर दी जावेगी।

2, स्वीकृत टेण्डर की पूरी रकम ठेकेदार को 24 घण्टे में जमा करनी होगी अथवा इस बीच कोई अवकाश आता है तो आगामी कार्यालयीन दिवस में जमा होगी। ऐसा न करने पर द्वितीय स्थान वाले खरीददार को स्वीकृत टेण्डर की राशि (प्रथम स्थान वाले खरीददार की दर) पर क्रय करने का अवसर होगा।

3,फसल तोड़ने की अंतिम तिथि अमरूद(नींबू, बेर एवं आंवला) 31.03.2024 तक ही रहेगा।

4, किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने पर अधिष्ठाता, आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय सीहोर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

5, अमरूद (नींबू, बेर एवं आंवला) फसल बगीचे का अवलोकन खरीददार स्वयं आकर कर सकते है।

6, फसल की चौकीदारी, रखरखाव एवं किसी भी तरह के नुकसान की पूर्ण जवाबदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।

7, अमरूद(नींबू, बेर एवं आंवला) फसल तुड़ाई के समय श्रमिकों के साथ हुई किसी भी तरह की दुर्घटना की जवाबदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।

8, अमरूद (नींबू, बेर एवं आंवला) फसल की अवधि के दौरान प्रत्येक जाति के 50–50 फल प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु ठेकेदार द्वारा इस कार्यालय को निःशुल्क उपलब्ध कराने होगें।

9, उचित कीमत न आने पर टेण्डर / नीलामी निरस्त की जा सकती है।

10, अमरूद एवं नीबूं फसल की गूटी काटने पर ठेकेदार को कोई आपत्ति नहीं होगी।साथ ही गुटी को ठेकेदार द्वारा कोई नुकसान नही पहुंचाया जायेगा।

11, सिंचाई पानी उपलब्ध रहने पर ही दिया जा सकेगा। अधिकतम 3 पानी

12, कीटनाशक दवा एवं फफूंद नाशक दवा ठेकेदार को प्रदाय की जावेगी तथा छिड़काव की जवाबदारी ठेकेदार की होगी।

13, नीलामी के पश्चात फल वृक्षों में हवा, आंधी, तूफान रोग एवं कीट व्याधि से हुए नुकसान की जवाबदारी स्वयं ठेकेदार की होगी। अन्तवर्तीय फसलों की खेती की जावेगी इस सम्बंध में ठेकेदार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

14, ठेकेदार को अपने निवास का पूर्ण पता आधार कार्ड / राशन कार्ड / फोटो परिचय पत्र की छायाप्रति जमा करनी होगी जिससे उसके निवास का पता प्रमाणित हो सके।

15 ठेकेदार को अलग से अस्थाई विघुत कनेकशन बिजली जलाने के लिये लेना होगा।

16, अधिकतम निविदा बोली की राशि स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को होगा। साथ ही अधिकतम बोली हेतु निगोशएशन (बातचीत) सभी पार्टियों से एक साथ या अलग–अलग की जा सकेगी। समिति के आकलन अनुसार सवार्धिक राशी प्राप्त होने पर नेगोशियेशन नहीं किया जायेगा।

17, टेण्डर की अधिकतम राशि समय पर जमा ना होने पर निविदाकर्त्ता की जमानत राशि वापिस नहीं की जावेगी।

18.नगद पैसा / चेक या डी. डी. / NEFT / RTGS की बैंक के नियमानुसार जमा होगा।

19. फल अनुसंधान केन्द्र ईटखेड़ी बैरसिया रोड पर 11वें किलोमीटर पर बायें तरफ स्थित है।

नोट :– विशेष जानकारी हेतु प्रभारी फल अनुसंधान केन्द्र, ईंटखेड़ी से सम्पर्क करें।

क्रमांक फ.अ.के. / 2023–24 / 359

दिनांक : 14/08/202

चस्पा 1. स्थानीय नोटिस बोर्ड

प्रक्षेत्र प्रभारी
फल अनुसंधान केन्द्र, ईटखेड़ी

फल अनुसंधान केन्द्र, ईंटखेड़ी

[redacted]
फल अनुसधान केन्द्र,ईटखेडी
फल अनुसंधान केन्द्र, ईटखेड़ी

निविदा पत्र

प्रति,

प्रक्षेत्र प्रभारी
फल अनुसंधान केन्द्र
ईटखेड़ी, बैरसिया रोड़,भोपाल

विषयः– ....फसल वर्ष ....क्रय करने के संवंध में।

महोदय,

आपकी सूचना के अनुसार मैं .... आत्मज...
निवासी..फसल वर्ष..........................को ....फसल हेतु रू
(अंको में)..........................(शब्दो में)...में क्रय करने को तैयार हूँ।.........
..................................फसल क्रय करने की सभी शर्ते मुझे मंजूर हैं एवं जमानत की राशी ....
.... नगद जमा कर रहा हूँ।

खरीददार के हस्ताक्षर

स्थानः– ....

दिनांकः–..

खरीददार का नामः..
पताः...
....
मोबाईल नंः..

कमेटी सदस्यों के हस्ताक्षर

1...

2...

3...

4...

5...

अधिष्ठाता
आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय, सीहोर